**आकाशवाणी शिमला**

**26.03.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19:45 बजे**

## मुख्य समाचार

- भाजपा ने प्रदेश की 6 विधानसभा सीटों के उप–चुनाव के लिए सभी बागी विधायकों को दिया टिकट–भाजपा नेता रामलाल मारकंडा ने दिया इस्तीफा।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भाजपा पर खरीद फरोख्त की राजनीति करने का लगाया आरोप।
- भाजपा उम्मीदवार रवि ठाकुर के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन की भाजपा नेताओं ने की कड़ी आलोचना।
- निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर मतदाताओं को किया जा रहा है जागरूक ।

## भाजपा टिकट

भातीय जनता पार्टी की केन्द्रीय चुनाव समिति ने हिमाचल प्रदेश सहित गुजरात, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा उप–चुनाव के लिए आज प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। समिति ने प्रदेश की 6 विधानसभा सीटों के लिए कांग्रेस छोड़ हाल ही में भाजपा में शामिल हुए सभी 6 बागी पूर्व विधायकों को विधानसभा उप–चुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवार बनाया है। इनमें धर्मशाला से सुधीर शर्मा, लाहौल स्पीति से रवि ठाकुर, सुजानपुर से राजिंदर राणा, बड़सर से इंद्रदत्त लखनपाल, गगरेट से चैतन्य शर्मा और कुटलैहड़ से देवेंद्र कुमार भुट्टो शामिल हैं। गौरतलब है कि इन विधायकों को प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष द्वारा बजट सत्र के दौरान बजट पारित करने के समय सदन में मौजूद न रहने पर अयोग्य घोषित कर दिया था।

## मारकंडा

इस बीच भारतीय जनता पार्टी द्वारा लाहौल स्पीति विधानसभा क्षेत्र में होने जा रहे उप–चुनाव के लिए कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए रवि ठाकुर को टिकट आबंटित किए जाने से नाराज़ पूर्व मंत्री रामलाल मारकंडा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। रामलाल मारकंडा ने कहा कि वे आने वाले समय में लाहौल स्पीति के भविष्य को ध्यान में रखते हुए बतौर निर्दलीय या किसी अन्य राजनैतिक पार्टी से चुनाव लड़ने पर फैसला करेंगे। उन्होंने कहा कि उनके साथ आज जिला भाजपा संगठन के पदाधिकारियों ने सामूहिक इस्तीफा दिया है। मारकंडा ने कहा कि उन्होंने भारतीय जनता पार्टी और संगठन की मजबूती के लिए ईमानदारी से कार्य किया लेकिन पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें नजर अंदाज कर निजहित साधने वाले व्यक्ति को पार्टी का टिकट आबंटित कर दिया। मारकंडा ने कहा कि उनके समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने उनसे चुनाव में जाने का आग्रह किया है।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भाजपा पर लोकतंत्र की हत्या और खरीद फरोख्त की राजनीति करने का आरोप लगाया है। शिमला में आज मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा कांग्रेस के बागी बर्खास्त विधायकों को उप–चुनाव में टिकट देने से स्पष्ट हो गया है कि राज्यसभा चुनाव में हॉर्स ट्रेडिंग हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बागी विधायकों के मामले में प्रदेश की जनता फैसला करेगी और हिमाचल के लोग आयाराम गयाराम की संस्कृति को बर्दाश्त नहीं करेंगे। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि भाजपा के कई नेता व विधायक कांग्रेस के संपर्क में है और कांग्रेस पार्टी में शामिल होना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार वर्ष 2027 तक प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य वर्ष 2032 तक प्रदेश को देश का सबसे समृद्ध राज्य बनाना है।

## सी–विजिल ऐप

चुनाव आयोग सी–विजिल ऐप के जरिए चुनाव प्रक्रिया पर पैनी नजर रख रहा है। यह ऐप आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघनों की रिकॉर्डिंग, रिपोर्टिंग और समाधान के लिए है। इस ऐप के जरिए आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की फोटो और वीडियो को लेकर ऑनलाइन शिकायत की जा सकती है।

**यूजीसी–सीयूईटी**

सीयूईटी–यूजी–2024 के लिए आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च कर दी गई है। यूजीसी अध्यक्ष एम. जगदेश कुमार ने कहा है कि ये निर्णय उम्मीदवारों और हितधारकों से अनुरोध मिलने के बाद लिया गया है। सीयूईटी यूजी–2024 परीक्षा 3 सौ 80 शहरों में आयोजित की जा रही है। इनमें 26 शहर भारत से बाहर के हैं।

**हर्ष महाजन**

राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने हिमाचल प्रदेश की सभी चारों लोकसभा सीटों सहित 6 विधानसभा उप–चुनावों में भाजपा प्रत्याशियों की जीत का दावा किया है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार का गिरना तय है और इसके लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की नाकामियां और तानाशाही रवैया जिम्मेदार है। हर्ष महाजन ने कहा कि पिछले 15 महीने के कार्यकाल में मुख्यमंत्री की कार्यशैली से न जनता खुश है और न ही विधायक। उन्होंने कहा कि भाजपा हिमाचल में सरकार को गिराना नहीं चाहती थी लेकिन मौजूदा राजनैतिक हालात को देखते हुए स्पष्ट है कि प्रदेश में अब भाजपा की सरकार बनेगी।

**नियुक्ति**

आखिल भारतीय कांग्रेस समिति के सदस्य व प्रदेश मामलों के प्रभारी राजीव शुक्ला के अनुमोदन पर पार्टी प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने राजेंद्र वर्मा को हमीरपुर जिला के सुजानपुर ब्लॉक का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्ति किया है। इसके अलावा प्रवीण कुमार को कुठेड़ा और सुरेश ठाकुर को टौणी देवी जोन का प्रभारी नियुक्त किया है। ये नियुक्तियां तुरन्त प्रभाव से लागू होंगी।

**विरोध**

कांग्रेस से बगावत के बाद भाजपा में शामिल हुए पूर्व विधायकों को अब विरोध का सामना करना पड़ रहा है। लाहौल स्पीति के पूर्व विधायक व उप–चुनाव के लिए भाजपा उम्मीदवार रवि ठाकुर को आज शिमला में एनएसयूआई और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना करना पड़ा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा रवि ठाकुर के खिलाफ नारे बाजी की गई लेकिन पुलिस ने समय रहते माहौल को शांत कर दिया। इस बीच भाजपा ने इस घटनाक्रम का कड़ा विरोध किया है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा चुने हुए जन प्रतिनिधियों के साथ इस तरह के बर्ताव को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इस तरह की अराजकता को बर्दाश्त नहीं करेगी। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि प्रदेश में क़ानून व्यवस्था पूरी तरह से फेल हो गई है और इस तरह का घटनाक्रम सरकार के ख़ुफ़िया तंत्र की भी नाकामी है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आचार संहिता के दौरान इस तरह से भीड़ का अचानक आ जाना और एक राज्य सभा सांसद पर हमला करना कांग्रेस की हताशा के कारण हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग इन मामलों का संज्ञान ले। वहीं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार बौखलाहट में अपना मानसिक संतुलन खो बैठी है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से कांग्रेस के लोगों ने भाजपा प्रत्याशी रवि ठाकुर पर हमला करने का प्रयास किया वो सरकार की सोची समझी चाल का परिणाम है। बिंदल ने कहा कि प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार है और राजनैतिक प्रतिशोध की भावना से कार्य कर रही है।

**स्वीप कार्यक्रम**

निर्वाचन आयोग के सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा व निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम स्वीप के तहत प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सोलन जिले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कंडाघाट में आज मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सोलन में शिक्षा विभाग के उप निदेशक जगदीश सिंह नेगी ने कहा कि लोकतंत्र में एक–एक वोट का महत्व होता है और मजबूत लोकतंत्र के लिए सभी की भागीदारी अहम है। उधर जनजातीय ज़िला लाहौल स्पीति में भी स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही है। ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त राहुल कुमार ने आज केलंग में मतदाता जागरूकता गीत के वीडियो का विमोचन किया। इस गीत में लाहौली बोली में स्थानीय महिला कलाकारों द्वारा सुंदर, सरल व सहज तरीके से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले में

इस बार लोकसभा व विधानसभा के उपचुनावों में 75 प्रतिशत से भी अधिक मतदान का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**स्वीप कार्यक्रम–2**

इधर ऊना जिले के राजकीय डिग्री कॉलेज बीटन में स्वीप के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान युवाओं को 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' थीम के साथ वोट के महत्व को लेकर जागरूक किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी जतिन लाल ने बताया कि जिले में युवा मतदाताओं विशेषकर नए मतदाताओं को मतदान के महत्व और मताधिकार के प्रयोग को लेकर जागरूक करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।

**उपायुक्त शिमला**

शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा है कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार देश के सभी क्षेत्रों में हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों का व्यापक सर्वेक्षण किया जा रहा है। वे आज शिमला में हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन, प्रतिषेध व उनका पुनर्वास अधिनियम 2013 के अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता व प्रबोधन समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि जिले में हाथ से मैला उठाने वाले कोई भी कर्मचारी नहीं है और नगर निगम शिमला के तहत शौचालयों का संचालन सुलभ इंटरनेशनल कम्पनी के माध्यम से करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम शिमला में वर्तमान समय में एक सौ 63 नियमित सफाई कर्मचारी है, जिनके माध्यम से सफाई का कार्य करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले के सभी उपमण्डल स्तर पर सतर्कता व प्रबोधन समिति की स्थापना की गई है। अनुपम कश्यप ने कहा कि शिमला शहर में टूटु व मशोबरा को छोड़कर सभी क्षेत्रों को सीवरेज व्यवस्था से जोड़ा जा चुका है।

**दुर्घटना**

कुल्लू जिले के आनी उपमंडल में जाजर के समीप आज एक कार के गहरी खाई में गिरने से एक व्यक्ति की मृत्यु हुई है। मृतक की पहचान निथर उप–तहसील के लोअर धार के निवासी सूरज प्रकाश के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

---